# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 05/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Jagran(Meerut,UP)**

# शांति मार्च के दौरान बवाल करने वाले 42 आरोपी गिरफ्तार



हापुड़ अड्डे पर तैनात आरएएफ के जवान • जागरण

## ये हैं बवाल के 42 आरोपित

जासं, मेरठ : आस मौहम्मद पुत्र रियासत निवासी आशियाना कालोनी, रजा उर्फ राजा पुत्र हारून निवासी साठ फूटा समर गार्डन, शाकिब पुत्र युनूस निवासी न्यू इस्लामनगर, शाहरूख पुत्र युसुफ निवासी लकखीपुरा, सुहेल पुत्र रियाजुद्दीन निवासी अहमदनगर, गुलजार पुत्र सराफत निवासी अहमदनगर, राशिद पुत्र यामीन निवासी लिसाडी गेट, इसरार पुत्र मोहम्मद अतीक निवासी अलीबाग कालोनी, अनीस पुत्र हाफिज सलीम निवासी आशियाना कालोनी, मुरसलीन उर्फ गुड्डू पुत्र सलाऊदीन निवासी समर गार्डन, नदीम पुत्र इसलामुदीन निवासी सुहेल गार्डन बजोट, महराजुदीन पुत्र रियाजुद्दीन निवासी गोला कुआं, साजिद पुत्र रहमत निवासी अहमदनगर, नाजिम पुत्र युनूस निवासी अहमदनगर, इंतजार पुत्र रफीक निवासी लकखीपुरा, रियाजुल पुत्र सनववर निवासी न्यू इसलामनगर, चांच पुत्र शौकीन निवासी न्यू इस्लामनगर, फैसल पुत्र नसरूदीन निवासी ईरा गार्डन, राशिद निवासी फत्तेउल्ला रोड़, मेहराजुद्दीन निवासी कांच का पुल, सहरूद्दीन निवासी खरखौदा, ओसामा निवासी जैदी फार्म नौचंदी, शादाब निवासी जैदी फार्म, फारुख निवासी न्यू इस्लामनगर, वादस्याफ्त निवासी कांच का पुल और नवाजिश निवासी लुहारपुरा लिसाड़ीगेट समेत 42 को गिरफ्तार किया।

**Hindustan(Meerut,UP)**

### पांच जुलाई को लेकर पुलिस-प्रशासन ने की पूरी तैयारी, शासन ने दिया एक्शन प्लान बनाने का निर्देश

# भारत बंद की सुगबुगाहट, वेस्ट में हाईअलर्ट

मेरठ | मुख्य संवाददाता

झारखंड में हुई भीड़ हिंसा में युवक की मौत पर विरोध जारी है। कुछ संगठनों ने पांच जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया है। पुलिस-प्रशासन और एलआईयू समेत तमाम खुफिया एजेंसियों के पास इसका इनपुट है। ऐसे में वेस्ट यूपी में हाईअलर्ट घोषित किया गया है।

पुलिस-प्रशासन ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है और अपने-अपने क्षेत्र में सीओ, स्थानीय लोगों से संपर्क बना रहे हैं। हालांकि अभी तक कोई संगठन सीधे तौर पर सामने नहीं आया है, लेकिन फिर भी एहतियात बरती जा रही है। शासन से भी अधिकारियों को पूरा एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया गया है।

झारखंड में भीड़ हिंसा का शिकार हुए तबरेज की 22 जून को उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके विरोध में देशभर में विरोध-प्रदर्शन जारी हैं। मेरठ में भी शहर और मवाना में रविवार, सोमवार को शांति मार्च निकाले गए। इस दौरान जमकर बवाल हुआ और पुलिस को लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ना पड़ा। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला और पथराव किया। ये मामला अभी निपटा भी नहीं कि अब पांच जुलाई को घोषित भारत बंद के आह्वान को लेकर हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया है।

खुफिया एजेंसियों की मानें तो सोशल मीडिया पर मैसेज भेजे जा रहे हैं और अपने क्षेत्र में भीड़ जुटाने के लिए कहा जा रहा है। पुलिस-प्रशासन, एलआईयू, इंटेलीजेंस विंग और आईबी के पास इसका पूरा इनपुट है। इसे लेकर गोपनीय रिपोर्ट तैयार की गई है और गृह मंत्रालय भेजी गई है।

पांच जुलाई को शुक्रवार है, इसलिए माना जा रहा है कि नमाज के दौरान ज्यादा भीड़ जुट सकती है। हालांकि अभी सीधे तौर पर कोई संगठन या व्यक्ति सामने नहीं आया है और न ही बंद को लेकर किसी ने खुले तौर पर कोई बात कही है। लेकिन इनपुट के आधार पर शासन ने एहतियात बरतने का निर्देश दिया है। वेस्ट यूपी में हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया है। पुलिस-प्रशासन की टीम लगातार स्थानीय लोगों से संपर्क साध रही है। सीओ और थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक करें और लोगों को किसी भी तरह की भड़काऊ कार्रवाई में शामिल होने से बचाएं।



मंगलवार को शहर में अधिकारियों ने पुलिस फोर्स और आरएएफ के साथ फ्लैग मार्च निकाला। • हिन्दुस्तान

## पुलिस मुस्तैद

- कुछ संगठनों ने किया बंद का आह्वान, खुफिया एजेंसियों को मिला इनपुट
- अभी तक किसी संगठन ने सामने आकर नहीं की कोई घोषणा, लगातार हो रहे धरना-प्रदर्शन

## मेरठ में लगातार गरमाया है माहौल

प्रह्लादनगर में 'मकान बिकाऊ है' लिखने के बाद मामला तूल पकड़ गया था। इसके बाद से प्रह्लादनगर में तनातनी का माहौल बना हुआ है। पुलिस फोर्स अभी भी तैनात है और पीएसी पिकेट तैनात करने की तैयारी है। दूसरी ओर रविवार को शांति मार्च के दौरान बवाल हो चुका है, जिसके बाद पुलिस की धरपकड़ की कार्रवाई चल रही है। ऐसे में मेरठ का माहौल लगातार गरमाया हुआ है। यहां ज्यादा एहतियात बरती जा रही है।

## मवाना में हालात सामान्य, थाने पहुंचे डीएम

मवाना | हमारे संवाददाता

सोमवार को मवाना में हुए प्रदर्शन के बाद रात करीब दो बजे डीएम अनिल ढींगरा थाने पहुंचे और वहां एसडीएम, इंस्पेक्टर से मवाना के हालात के बारे में पूछा।

सोमवार सुबह मवाना में भीड़ ने जुलूस निकालकर नारेबाजी की थी। बिना अनुमति जुलूस निकाले जाने पर पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा था। इस घटना के बाद नगर में तनाव के हालात बन गए थे। घटना के मद्देनजर डीएम अनिल ढींगरा सोमवार रात दो बजे मवाना थाने पहुंचे और एसडीएम अंकुर श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर विनय आजाद से घटनाक्रम और हालात के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि नगर में शांत माहौल है और आरआरएफ, पुलिस बल गश्त पर है।

रात में मवाना में आसपास के थानों की पुलिस भी तैनात रही। वहीं मंगलवार को नगर में हालात सामान्य होने लगे। बाजार भी सामान्य रूप से खुले।

Hindustan(Meerut,UP)

### भारत बंद : मेरठ को 5 जोन-11 सेक्टर में बांटकर फोर्स किया तैनात, धारा 144 लागू, सुबह छह बजे से एक्टिव रहेगा फोर्स


# हाईअलर्ट : अधिकारियों ने निकाला फ्लैगमार्च

मेरठ | मुख्य संवाददाता

पांच जुलाई शुक्रवार को भारत बंद के आह्वान को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने हाईअलर्ट घोषित किया है। शहर में भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। धारा 144 लागू है। पुलिस अधिकारियों का निर्देश है कि कोई भी बवाल का प्रयास करे तो उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाए। सुबह छह बजे से संवेदनशील जगहों पर फोर्स तैनात रहेगी। शहर के तमाम बड़े अधिकारियों ने गुरुवार शाम फ्लैग मार्च भी निकाला।

झारखंड में हुई भीड़ हिंसा के बाद मेरठ समेत वेस्ट यूपी में कई जगहों पर विरोध-प्रदर्शन हुए। मेरठ में रविवार को शांति जुलूस निकाला गया, जिसके दौरान पुलिस पर हमला किया गया। बवाल हुआ इस मामले में पुलिस अब तक 49 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी क्रम में सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने मैसेज वायरल करते हुए पांच जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया। इसे लेकर आईबी, इंटेलिजेंस एजेंसियों और एलआईयू समेत बाकी एजेंसियों के पास भी इनपुट है। ऐसे में शासन भी इस मामले में सख्त है।

मेरठ के एडीजी प्रशांत कुमार, आईजी आलोक सिंह, डीएम मेरठ अनिल ढींगरा, एसएसपी अजय साहनी, एसपी सिटी अखिलेश नारायण सिंह समेत कई प्रशासनिक अधिकारी गुरुवार शाम पांच बजे घंटाघर पहुंचे। देहात से सभी सीओ और ज्यादातर थानेदारों को भी बुलाया गया। इसके बाद पुलिस टीम, आरएएफ और पीएसी बल ने घंटाघर से वैली बाजार सर्राफा, गुदड़ी, कोतवाली से लिसाड़ी गेट गोलाकुआं और हापुड़ अड्डा तक फ्लैग मार्च निकाला।



गुरुवार को एडीजी, आईजी, डीएम और एसएसपी ने पुलिस-आरएएफ के साथ फ्लैग मार्च निकाला। • हिन्दुस्तान

### सुबह छह बजे से लगेगा फोर्स

एसएसपी अजय साहनी ने बताया कि सुबह छह बजे से शहर में फोर्स पूरी तरह से अलर्ट रहेगा। संवेदनशील जगहों पर आरएएफ और पीएसी को भी लगाया गया है। शहर पहले से ही पांच जोन और 11 सेक्टर में बांटा गया है। इनपुट के आधार पर पुलिस अलर्ट पर है। जो शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन होगा।



पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किया जा चुका है। सुबह से ही फोर्स सड़कों पर होगी। कोई बंद नहीं होने दिया जाएगा। कोई जबरदस्ती करे तो पुलिस को तत्काल जानकारी दें।

प्रशांत कुमार, एडीजी मेरठ।

### अफवाहों पर न दें ध्यान : शहर काजी



लोगों से अपील है वह किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी पक्ष की ओर से कोई भी आह्वान या कॉल भारत बंद के लिए नहीं की गई है। जुमे को धार्मिक स्थलों पर शहर में अमन और भाईचारे की दुआ कराई जाएगी। किसी तरह की वीडियो- ऑडियो पर ध्यान न दें। प्रो. जैनुस साजिद्दीन, शहरकाजी

### अमन-चैन नहीं बिगड़ने देंगे : शाहिद अखलाक



भारत बंद की कोई भी कॉल या आह्वान नहीं है। हम किसी भी प्रकार के बंद का समर्थन नहीं करते है। जनता अमन-चैन बनाए रखे। हर हाल में पुलिस प्रशासन का साथ दें। अफवाहों पर ध्यान न दें। यह शहर हमारा है हम किसी भी सूरत में इसका सौहार्द नहीं बिगड़ने देंगे।

शाहिद अखलाक, पूर्व सांसद

## आठवीं तक के स्कूल आज भी बंद

मेरठ | हमारे संवाददाता

कक्षा एक से आठवीं तक के स्कूलों में छुट्टी एक बार फिर बढ़ाई गई है। डीएम अनिल ढींगरा के आदेश पर शुक्रवार को स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस दौरान बीएसए सतेंद्र कुमार की तरफ से शिक्षकों को नामांकन कार्य करने का निर्देश दिया गया है। कक्षा से नौ से 12वीं तक कॉलेज प्रतिदिन की तरह खुलेंगे।

ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद एक जुलाई को स्कूल खुलने थे। 30 जून को डीएम ने भीषण गर्मी का हवाला देकर कक्षा एक से आठवीं के तक सीबीएसई, आईसीएसई के अलावा सभी सरकारी और एडेड स्कूलों में दो दिन अवकाश का आदेश दिया। इसके बाद फिर दो दिन का अवकाश कर दिया गया। गुरुवार को डीएम ने शुक्रवार को अवकाश का आदेश दिया है। बीएसए ने सरकारी, गैर सरकारी सभी विद्यालयों को बंद रखने का निर्देश दिया है। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को अपने स्कूल क्षेत्र में घूमकर नए नामांकन का कार्य करने की बात कही है।

## मेरठ-आगरा की घटना पर सीएम सख्त, अधिकारियों में हड़कंप

मेरठ | मुख्य संवाददाता

भीड़ हत्या को लेकर उग्र प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सख्त है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि फिर ऐसी घटना न हो जाए। यह पुलिस, प्रशासन के अधिकारी सुनिश्चित करें।

रविवार को मेरठ और आगरा में भीड़ हत्या के खिलाफ बिना अनुमति प्रदर्शन किए गए। उग्र प्रदर्शन को शासन, प्रशासन ने गंभीरता से लिया। शासन के आदेश पर उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई शुरू हो गई। बुधवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से पुलिस, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियोकांफ्रेंसिंग से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने रविवार के प्रदर्शन पर सख्त नाराजगी जताई। गुरुवार को अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फिर कोई ऐसी घटना न हो, जिसमें लोग सैकड़ों की संख्या में सड़कों पर निकल आएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह अधिकारियों की लापरवाही है। इस तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे इस तरह की घटना हुई तो पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी जिम्मेदार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा-144 के बावजूद बिना अनुमति सैकड़ों लोगों का एकत्र होना ठीक नहीं है। हर हाल में कानून के तहत कार्रवाई होनी चाहिए।

# Dainik Jagran(Jamshedpur,JKD)

# पंद्रह दिनों बाद आज महाप्रभु देंगे भक्तों को दर्शन

## सहस्रधारा महोत्सव में अधिक स्नान से बीमार हो गए थे प्रभु, आज भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर करेंगे नगर भ्रमण

जासं, जमशेदपुर : सहस्रधारा महोत्सव के दौरान अधिक स्नान करने से बीमार पड़े भगवान जगन्नाथ ने करीब एक पखवाड़े तक विश्राम किया। आयुर्वेदिक विधि से उपचार के बाद बुधवार को वे पूर्ण स्वस्थ हो गए। अब वे गुरुवार को भक्तों को दर्शन देंगे। सभी स्थानों पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा का रथ सजकर तैयार है।

गुरुवार की शाम को लौहनगरी का वातावरण भक्ति भाव से सराबोर होगा। चारों ओर जय जगन्नाथ... जय जगन्नाथ... का जय घोष गूंजेगा। हरे राम... हरे कृष्णा संकीर्तन से वातावरण में परमेश्वर भक्ति का अलौकिक रस घुलेगा। हजारों लोग सड़कों पर नजर आएंगे। कोई महाप्रभु के रथ को खींचने को आतुर होगा। कोई भगवान के दर्शन कर पुनर्जन्म की बेड़ियों से मुक्त होने को बेताब मिलेगा। कीर्तन मंडलियों के संकीर्तन पर भक्त भाव विभोर होकर नृत्य करेंगे। क्या खास, क्या आम, हर कोई महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन कर निहाल होगा।

महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथयात्रा के पूर्व शाम को महाप्रभु श्री जगन्नाथ, प्रभु बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का पहंडी विजे किया जाएगा। तमाम अनुष्ठान संपन्न होने के बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भगवान बलभद्र के साथ.



ओडिशा के पुरी के श्रीमंदिर (जगन्नाथ मंदिर) से गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलेगी। इसमें करीब पचास लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। रथयात्रा के एक दिन पहले बुधवार को रथ खलाशाला (जहां रथ का निर्माण किया जाता है) से मंदिर के पास लाया गया। रथखला से रथ मंदिर को ले जाते श्रद्धालु • जागरण



खासमहल की रथयात्रा की तैयारी में लगे कमेटी के सदस्य • जागरण



बिष्टुपुर राम मंदिर के पास यात्रा के लिए रथ की सजावट करते श्रद्धालु • जागरण

The Times Of India(Puri,Odisha)

# Triumph of the spirit



series finals in June.

The state government, in association with Odisha Tourism, had also formed a comprehensive plan dedicated to revamping the lesser known tourist spots of Odisha, including those around Puri. Initially apprehensive, tour operators sold Rath Yatra packages for both domestic and international tourists. "It is back to business for us. We received several enquiries and people are now visiting Odisha with their families. Hotels in Puri have also recovered from most of their damage in a short span of time. To sum it up, we are fast turning into a

**Samaya(Puri,Odisha)**

# ଆଜି ପବିତ୍ର ଘୋଷ ଯାତ୍ରା

## ସିଂହ ଦ୍ୱାରରେ ଲାଗିଲା ୩ ରଥ

**ପୁରୀ, ୩।୭ (ସବ୍ୟୁ) :** ଗୁରୁବାର ଶ୍ରୀଜୀଉଙ୍କ ପବିତ୍ର ଘୋଷ ଯାତ୍ରା । ଭାଇ ଭଉଣୀଙ୍କୁ ସାଥୀରେ ନେଇ ବଡ ଦାଣ୍ଡକୁ ଓହ୍ଲାଇବେ ମହାପ୍ରଭୁ ଜଗନ୍ନାଥ । ଏହା ପୂର୍ବରୁ ତିନି ରଥରେ ଆଜ୍ଞାମାଳ ବିଜେ ପରେ ଏବେ ସିଂହଦ୍ୱାରରେ ଦଣ୍ଡାୟମାନ ୩ ରଥ । ଆଜ୍ଞାମାଳ ବିଜେ ପରେ ପରମ୍ପରା ମୁତାବକ ରଥଖଳାରେ ପ୍ରସ୍ତୁତ ହୋଇ ରହିଥିବା ତିନି ରଥକୁ ରଥଖଳାରୁ ସିଂହଦ୍ୱାର ସମ୍ମୁଖ ଚକଡାକୁ ନିଆଯାଇଛି । ଏବେ ତିନି ରଥକୁ ଉତ୍ତରମୁହାଁ କରି ରଖାଯାଇଛି । ରାତି ୯ଟାରେ ବଡସିଂହାର ଭୋଗ (୯ ପୃଷ୍ଠାରେ)



आज पवित्र रथ यात्रा है

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF






**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**